संख्या-11 /2025/001-69-24-1-2025-81 पी-2015

प्रेषक,

प्रभंजन यादव,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
विद्युत सुरक्षा निदेशालय,
विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 06 फरवरी, 2025**

विषय:-विद्युत सुरक्षा निदेशालय को वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पत्र संख्या-10505 मु0ई0/कार्यालय भवन/अनुरक्षण/2024-25, दिनांक 09 जनवरी, 2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के आय-व्ययक में लोक निर्माण कार्य-विद्युत सुरक्षा निदेशालय (अनुरक्षण)-कार्यालय भवन-रखरखाव तथा मरम्मत हेतु प्राविधानित धनराशि रूपये 25,00,000/- (रूपये पच्चीस लाख मात्र) को व्यय करने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते है।

नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों

(1) उपरोक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण कार्यालय परिसर के जिन स्थानों पर इण्टरलॉकिंग नहीं है, उन स्थानों पर इण्टरलॉकिंग का कार्य एवं कार पाकिंग हेतु शेड के कार्यों हेतु किया जायेगा।

(2) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राविधानित धनरशि की सीमा तक ही व्यय किया जायेगा।

(3) प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि को यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 को इस शर्त के साथ उपलब्ध कराये जाने की सहमति प्रदान की जाती है कि प्रश्नगत कार्य यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 से कराया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 25,00,000/- (रूपये पच्चीस लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 009 लेखा शीर्षक 2059010530300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय मानक मद 29 अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक- 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

प्रभंजन यादव
उप सचिव।

-

संख्या- 11 /2025/001-69(1)-24-1-2025-81 P-2015, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001

2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001

4- कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखापरीक्षा-।।), उ0प्र0, आडिट भवन, टी0सी0-35- वी-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-10/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

प्रभंजन यादव
उप सचिव।